## खबर संक्षेप

### रूद्र , समीक्षा , जान्हवी व पुष्कर बने चेम्पियन

**छिंदवाड़ा।** जिला बेडमिंटन संघ एवं इनर व्हील क्लब के सहयोग से आयोजित 11,15,17,19 एवम् सीनियर वर्ग बालक,बालिका,पुरुष एवं महिला वर्ग बेडमिंटन के टूर्नामेंट के समापन अवसर पर विशेष रूप से स्पर्धा अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस ,इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष स्वेता घई पाटनी,मितल जुनेजा, हाजी इब्राहिम खान,के आर तिवारी,अजय सिंह ,डॉ अनिल जैन,जावेद खान,दीपक राज जैन,साकेत सोंगौतरा,हिना शाह,सीमा गुगनानी,ममता सूर्यवंशी, शोभा गौड़, हिना पाटनी, जुली पाटनी,डॉली बत्रा,वर्षा जुनेजा,हर्षा पोफली, रोशनी मालवीय, अमन खान उपस्थित रहे । अतिथियों द्वारा विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को मैडल, ट्राफी तथा सर्टिफिकेट ओर तीस हजार रुपये के पुरुस्कारों से सम्मानित किया गया । खिलाड़ियों में शुभ,धुव्र डोडानी, तेजस्वनी,आरव, जानवी,पुष्कर,लक्ष्मी, रुद्र सोनी,समीक्षा कडु सिंगल विजेता रहे । डबल्स में संभावी पाट्र्नर मन्नत,अथर्व पाटनर हर्षित,जान्हवी पाटनर अदिति,रूबल पार्टनर आरव, राहुल पाटनर आरव,पार्थ पाटनर आलोक,हरीश तनेजा पाटनर आर एम नेमा,अदिति पाटनर पुष्कर, लक्ष्मी पाटनर मन्नत विजेता रहे ।

### अवैध मदिरा विक्रेताओं पर की गई कार्यवाही

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में आज वृत्त परासिया, जामई एवं दमुआ के संयुक्त दल प्रभारी अधिकारियों द्वारा आज भूराभगत मेला सांगाखेड़ा एवं आसपास के क्षेत्रों मे कार्यवाही की गई। सयुंक्त टीम द्वारा सर्वप्रथम मेला क्षेत्र में लगे जलपान गृह, होटल एवं ढाबों में लोगों के द्वारा बेचने के लिये छुपा कर रखी देशी-विदेशी मदिरा को बरामद किया गया। मेला क्षेत्र में ही झाड़ियों में रखी 01 पेटी देशी मदिरा भी बरामद की गई। इस दबिश कार्यवाही में कुल 06 प्रकरण कायम किये गये। कार्यवाही में आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क के तहत 06 प्रकरण कायम किया गया, जिसमें देशी मदिरा 12.6 बल्क लीटर, स्पिरिट 14.4 बल्क लीटर तथा बियर 16.8 बल्क लीटर जप्त किये गये।

## कलेक्टर नारायन ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा, अधिकारियों और कर्मचारियों से की चर्चा

# लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन को रेस्टोरेशन कार्य पूर्णता के लिए दिया 10 दिन का समयः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिये कि मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं कल से प्रारंभ हो रही हैं, सभी एसडीएम, अपने क्षेत्रों में कलेक्टर प्रतिनिधियों के रूप में नियुक्त अधिकारियों को दिशा - निर्देश दोहरा दें।

परीक्षा सामग्री की थाने से निकासी और परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने में पूरी सावधानी बरती जाए। आदेश जारी करने के बाद भी लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बरतने वाले केंद्राध्यक्षों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। सभी निरीक्षण दल, परीक्षा के दौरान पूरी तरह सक्रिय रहकर परीक्षा केंद्रों पर आकस्मिक निगरानी रखें एवं अनुचित साधनों की शत - प्रतिशत रोकथाम सुनिश्चित करते हुए फेयर एग्जाम संचालन सुनिश्चित कराएं।

बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और शीघ्र निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सीएम हेल्प लाइन, मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री निवास, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से संबंधित लंबित मामलों की भी गहन समीक्षा की। कलेक्टर श्री नारायन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त कोई भी पत्र निरुत्तर नहीं रहना चाहिए। सभी में एक सप्ताह के अंदर जवाब चले जाएं। कोर्ट के अवमानना प्रकरणों में भी सभी में जवाब लगाना सुनिश्चित करें।

### संकल्प से समाधान में न छूटे कोई भी पात्र

कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदाय करने के लिए प्रदेश में 12 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। छिंदवाड़ा जिला अभियान के प्रथम चरण के क्रियान्वन में वर्तमान में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है, सभी जिला अधिकारी इसे बनाए रखें। इस अभियान के दौरान सभी पात्र हितग्राही कवर हो जाने चाहिए, कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

### लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन को 10 दिनों का समय

छिंदवाड़ा शहर में लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किए जा रहे रेस्टोरेशन कार्य को पूरा करने के लिए कलेक्टर श्री नारायन ने ठेकेदार की मांग पर 10 दिन का और समय दिया है। जिसके बाद 20 फरवरी को आयुक्त नगर निगम, एसडीएम छिंदवाड़ा और शिकायत शाखा प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर द्वारा संयुक्त निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन कर इस संबंध में कलेक्टर को अपना प्रतिवेदन दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि लगातार मिल रही शिकायतों के चलते कलेक्टर श्री नारायन द्वारा इस प्रकरण की प्रत्येक समय सीमा की बैठक में समीक्षा की जा रही है। परिणाम स्वरूप कई स्थानों पर सुधार कार्य करा दिया गया है, शेष कार्य भी शीघ्र पूरा करने के लिए यह समय दिया गया है।

### अब हर टीएल में नापतौल के कार्यों की भी होगी समीक्षा

विभिन्न सामग्रियों के, दर्ज एमआरपी से ऊपर की कीमत में विक्रय को लेकर आ रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने इसे समय सीमा की बैठक के लिए चिन्हांकित किया और नापतौल विभाग के अधिकारी को इसकी जांच कर संबंधितों पर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। अब आगामी टीएल बैठकों में नापतौल विभाग द्वारा प्रति सप्ताह किए गए कार्यों की भी अलग से समीक्षा की जाएगी। इसी तरह उन्होंने जिला खनिज अधिकारी को राजस्व विभाग के अमले से समन्वय करते हुए लोहांगी नदी, छाबडी कला, कुलबेहरा, कन्हान नदी सहित अन्य ऐसे सभी क्षेत्र, जहां से अवैध उत्खनन की शिकायतें आ रही हैं, उन पर लगातार कड़ी नजर रखने और कार्ययोजना के साथ प्रति सप्ताह कार्यवाही करते हुए टीएल बैठक में क्षेत्रवार रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। अब फूड सेफ्टी टीम द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की साप्ताहिक समीक्षा भी हर टीएल बैठक में की जाएगी।

### समय सीमा प्रकरणों में अन्य निर्देश

समय सीमा के अन्य प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि उप संचालक उद्यानिकी पीएमएफएमई योजना में प्रगति के लिये बैंकों के साथ नियमित बैठकें आयोजित कराएं। जिला अस्पताल के फायर सेफ्टी सिस्टम को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराने की कार्यवाही की जाए। कलेक्टर श्री नारायन ने यह संज्ञान में आने पर, कि एजेंसी द्वारा लगभग एक सप्ताह से जिला अस्पताल से बायो मेडिकल वेस्ट का उठाव नहीं किया है, कड़ी नाराजगी जताई और एजेंसी प्रभारी अथवा उसके प्रतिनिधि को यथाशीघ्र कलेक्टर के समक्ष में उपस्थित कराने के निर्देश दिये। अन्यथा की स्थिति में पब्लिक हेल्थ सेफ्टी से खिलवाड़ करने पर एफ.आई.आर दर्ज कराने की चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पब्लिक हेल्थ सेफ्टी से इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## 160 परीक्षा केन्द्रों में 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा आज से

**कक्षा 10वीं की परीक्षा में 22120, कक्षा 12वीं की परीक्षा में 16236 विद्यार्थी होंगे सम्मिलित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 मण्डल द्वारा घोषित समय सारणी अनुसार 10 फरवरी 2026 से छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में स्थापित 160 परीक्षा केन्द्रों पर प्रारम्भ हो रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल ने बताया कि छिंदवाड़ा जिले में कक्षा 10वीं की परीक्षा में 22120 विद्यार्थी और कक्षा 12वीं की परीक्षा में 16236 विद्यार्थी एवं पांढुर्णा जिले में कक्षा 10वीं की परीक्षा में 4267 विद्यार्थी और कक्षा 12वीं की परीक्षा में 3728 विद्यार्थी, इस प्रकार कक्षा 10वीं की परीक्षा में कुल 26387 व कक्षा 12वीं की परीक्षा में कुल 19964 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे।

परीक्षा के सफल, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी संचालन के लिये माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी निर्देशों के पालन में समस्त परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्राध्यक्षों एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों की नियुक्ति की जा चुकी है। परीक्षा संचालन के लिये मण्डल द्वारा प्रेषित मण्डल समन्वयक संस्था शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिन्दवाड़ा में स्थापित स्ट्रांग रूम में रखी गई परीक्षा की गोपनीय सामग्री का वितरण कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के प्रतिनिधि एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल की उपस्थिति में समन्वयक संस्था प्राचार्य द्वारा समस्त केन्द्राध्यक्षों/सहायक केन्द्राध्यक्षों को 06 एवं 07 फरवरी 2026 को किया जा चुका है तथा केन्द्राध्यक्षों/सहायक केन्द्राध्यक्षों द्वारा उसी दिन परीक्षा की गोपनीय सामग्री कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये वाहनों से सुरक्षा के अधीन परिवहन करते हुये परीक्षा केन्द्र के निकटस्थ थानों/चौकियों में रखी जा चुकी है।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल ने बताया कि परीक्षा की गोपनीय सामग्री थाने/चौकी से निकालते समय केन्द्राध्यक्ष / सहायक केन्द्राध्यक्ष के साथ उपस्थित रहने एवं गोपनीय सामग्री थाना/चौकी से सुरक्षित रूप से परिवहन कर परीक्षा केंद्र तक पहुँचाने के लिए नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों को कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में कलेक्टर प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। साथ ही समस्त नियुक्त केन्द्राध्यक्षों एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा संचालन के लिये मण्डल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया जा चुका है।

## जीरामजी मनरेगा योजना की ली गई समीक्षा बैठक विस्तार वानिकी मोक्ष धाम का किया निरीक्षण

### योजना का बोर्ड नहीं लगाये जाने में रेंजर की देखने मिली लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया




तामिया जनपद के सभागार में आज जी राम जी मनरेगा योजना का स्वरूप बदलने के बाद पहली बार तामिया में जी राम जी मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक एवं उसके क्रियान्वयन को लेकर तामिया क्षेत्र के तीनों भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पूरी कार्यकारिणी के साथ-साथ भाजपा के कार्यकर्ता इस योजना के स्वरूप को समझने एवं लोगों तक केंद्र सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना की जानकारी एवं मजदूर वर्ग को इसके लाभ के अलावा अपने गांव का विकास इस योजना के माध्यम से कैसे होगा। इसी उद्देश्य को लेकर आज बैठक हुई। पूर्व विधायक नथन शा कवरेती इस योजना के प्रभारी राजू नंदवंशी प्रवक्ता ने मौजूद सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को जी रामजी योजना के बारे में विस्तार से समझाया और इस योजना के लाभ गरीब मजदूर वर्ग के अलावा ग्रामों का विकास कैसा होर इस पर बल दिया कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक नाथन शाह को बतलाया! कि तामिया मोक्ष धाम में वन विभाग द्वारा विस्तार वानकी योजना के तहत शांति बन मोक्ष धाम परिसर में पौधि रोपण किए जाएंगे जिसकी जिम्मेदारी एवं राशि वन विभाग तामिया को दी गई है। वहीं इस मोक्षधाम में जन सहयोग भी मिल रहा है।

इसी परिपेक्ष में आज पूर्व विधायक नत्थन शा कवरेती,मंडल अध्यक्ष दयाराम ईरपाची मंडल उपाध्यक्ष रियाज खान कोषाध्यक्ष विजय शिवहरे मंडल उपाध्यक्ष नीलेश डेहरिया, महामंत्री सुमित्रा ठाकुर के अलावा भाजपा के सभी कार्यकर्ता नथन शा कवरेती के साथ निरीक्षण में मौजूद रहे। मोक्ष धाम योजना के अंतर्गत 300000 की राशि का खर्च होना है।

## साल भर से नहीं हुई सामान्य सभा की बैठक शहर के विकास को कैसे मिलेगी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया नगर पालिका में लगभग साल भर से सामान्य सभा की बैठक नहीं हुई है । ऐसे में शहर के विकास को रफ्तार कैसे मिलेगी ? यह सवाल मुँह बाएं खड़ा है । नगर के विकास के लिए जिन्हें मुखिया बनाकर बैठाया गया वे मुश्किल में फंसे हैं , अब जिनके हाथ में बागडोर है उनसे उम्मीद है , कि सामान्य सभा की बैठक कराकर विकास की रूपरेखा तैयार करें ।

शहर , नगर , कस्बों आदि के समूचे विकास के लिए पंचायतीराज स्थापित किया गया और वार्ड मेंबर की व्यवस्था बनाई गई , ताकि लोग वार्ड पार्षद चुनकर निकाय में भेजे और पार्षद अपने - अपने वार्ड की समस्याएं , वार्ड में क्या निर्माण होना चाहिए क्या नहीं यह सब निकाय अधिकारी और जनप्रतिनिधि के रूप में बैठे अध्यक्ष के समक्ष रखे , लेकिन यह सब तब संभव होता है , जब निकायों में नियमित रूप से सामान्य सभा की बैठकें हो । परासिया नगर पालिका में ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है । यहां बीते 11 माह से सामान्य सभा की बैठक नहीं हुई । जिससे शहर में समुचित विकास का दावा करना बेमानी है । इसी बात को लेकर नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर ने ने कई बार बैठक कराये जाने को लेकर मांग उठाई , एस डी एम से लेकर कलेक्टर तक शिकायत भी कि , लेकिन शहर में विकास कार्यों का खाका एक व्यक्ति के द्वारा तैयार किया जाता रहा , जिससे कई ऐसे कार्य जो होना बहुत जरूरी थे , नहीं हो सके ।

नेता प्रतिपक्ष का कहना है , कि भाजपा ने एक ऐसे व्यक्ति को अध्यक्ष के रूप में बैठाया जिसने सिर्फ तानाशाही की । नगर पालिका को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाया । भले ही पार्टी ने अनुशासनहीनता के चलते उसे पार्टी से निकाल दिया हो पर अध्यक्ष के रवैए से शहर का चहुंमुखी विकास नहीं हो पाया है । सामान्य सभा की बैठक न होना निकाय नियमों के खिलाफ है । बैठक होगी तो पार्षद अपने - अपने वार्डों की समस्याओं , जरूरतों आदि को रख सकेंगे ।

चूँकि अध्यक्ष गंभीर आरोपों में घिरे हैं , उनपर आई टी एक्ट के तहत मामला दर्ज है , ऐसी स्तिथि में सी एम ओ को चाहिए कि वे सामान्य सभा की बैठक लें और नगर में विकास को गति प्रदान करें ।

### प्रतिभाशाली खिलाड़ी सागर के निधन पर सांसद साहू ने जताया दुख

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा के प्रतिभाशाली खिलाड़ी एवं उभरते क्रिकेटर सागर यादव का ट्रेन दुर्घटना में आकस्मिक निधन पर सांसद बंटी विवेक साहू ने दुख व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि सागर यादव का आकस्मिक निधन अत्यंत पीड़ादायक है। सागर का निधन खेल जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। सांसद श्री साहू ने बाबा महाकाल से प्रार्थना की है कि दिवंगत सागर यादव को शांति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिवारजनों को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने जताया शोक

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने छिंदवाड़ा के होनहार क्रिकेट खिलाड़ी सागर यादव के ट्रेन हादसे में असामयिक दुःखद निधन पर शोक व्यक्त किया है।

**उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा मध्य प्रदेश शासन को प्रेषित किया गया पत्र**

## कन्हान क्षेत्र विकास समिति की पहल पर सिविल अस्पताल के लिए संसद ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव




जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र की सबसे प्रमुख समस्या स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर है जहां पर मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी विधानसभा के रहवासी स्वास्थ्य सेवाओं से लगातार जूझते नजर आते हैं। आदिवासी विधानसभा क्षेत्र होने के बाद भी क्षेत्र के आदिवासी गरीब ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ न मिल पाना शासन प्रशासन के दोहरे मापदंड को अपने आप में बयां करता है। लगभग 110 किलोमीटर की परिधि में फैले क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल बनाने की मांग एक दशक से भी अधिक समय से की जा रही है किंतु लगातार शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस मांग को पूरा करने में आज तक सफल नहीं हो पाए हैं ऐसे में अब क्षेत्र की जनता अपनी स्वास्थ्य सेवाओं को कैसे बढ़ाए और क्षेत्र में आदिवासी गरीब ग्रामीणों को कैसे लाभ प्राप्त हो इसे लेकर चिंतित है। क्षेत्रवासियों की इस समस्या को प्रमुखता से कन्हान क्षेत्र विकास समिति जुन्नारदेव द्वारा प्रमुखता से उठाकर जिले के सांसद विवेक (बंटी) साहू के समक्ष रखा गया था जिसे लेकर सांसद द्वारा गंभीरता दिखाते हुए पत्र को राजेंद्र शुक्ला उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा मध्य प्रदेश शासन भोपाल को प्रेषित किया गया है। जिले के सांसद विवेक (बंटी) साहू द्वारा कन्हान क्षेत्र विकास समिति के पत्र को गंभीरता से लेते हुए उप मुख्यमंत्री लोक स्वस्थ एवं परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा को पत्र प्रेषित कर जनपद पंचायत जुन्नारदेव अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन कर सिविल अस्पताल करने एवं इमरजेंसी केयर यूनिट (आईसीयू) की स्थापना करने का अनुरोध किया गया है जिससे इस क्षेत्र के लोगों को अति आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की प्राप्ति हो सके। जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र में सिविल अस्पताल होने से क्षेत्र की जनता को जटिल बीमारियों से छुटकारा मिल सकेगा और विधानसभा वासी अपने विधानसभा क्षेत्र में ही जटिल बीमारियों का उपचार प्राप्त कर सकेंगे।


## विवांता क्रिटिकल केयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

# जहां धड़कनों को मिली नई जिंदगी और दिमाग की जटिल सर्जरी हुई आसान

**छिंदवाड़ा।** जब उम्मीदें जवाब देने लगे और सांसों की डोर कमजोर पड़ने लगे, तब जरूरत होती है एक ऐसे भरोसे की जो जिंदगी को फिर से पटरी पर ले आए। विवांता हॉस्पिटल न केवल चिकित्सा का एक केंद्र है, बल्कि वह स्थान है, जहां अत्याधुनिक तकनीक और मानवीय संवेदनाएं मिलकर असंभव को संभव बनाती हैं। विवांता क्रिटिकल केयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने चार वर्षों के भीतर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर बदल दी है। जिस सफर की शुरुआत 50 बिस्तरों के साथ हुई थी, मरीजों के अटूट विश्वास और बेहतरीन नतीजों ने आज उसे 100 बिस्तरों के अत्याधुनिक अस्पताल में तब्दील कर दिया है। अब यहां की क्षमता दोगुनी हो चुकी है, जिसका सीधा लाभ जिले के उन गंभीर मरीजों को मिल रहा है जो इलाज के अभाव में बड़े शहरों की दौड़ लगाकर महंगा इलाज कराने मजबूर रहते थे या फिर दम तोड़ देते थे। विवांता के संचालक का कहना है कि आधुनिक तकनीकों और विशेषज्ञ डॉक्टरों के माध्यम से समाज के हर वर्ग को सुलभ, उच्च गुणवत्ता वाली ओर विश्वनीय स्वास्थ्य सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है।

**चिकित्सकों की मौजूदगी:** विवांता केयर में डॉ. सतीश रामराव खड़से हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. मनीष हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. ईशांस खरे मूत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. निनाद श्रीखंडे मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. यश के पालीवाल जनरल मेडिसिन एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ, डॉ. आरती द्विवेदी निश्चेतन विशेषज्ञ एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ, डॉ. संदीप चुड़े रेडियोलॉजिस्ट, डॉ.मॉरिन जॉय दया हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. शुभम बारंगे बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।




### किडनी की पथरी की सफल सर्जरी

मुश्किल सर्जरी, पेचीदा केस और दांव पर लगी मरीज की सेहत, चुनौती बड़ी थी, लेकिन विवांता हॉस्पिटल का इरादा उससे भी बड़ा। डॉ. ईशांस खरे अपनी विशेषज्ञता और सटीक सर्जिकल स्किल्स के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने किडनी की पथरी, प्रोस्टेट की समस्याओं और पुरुष बांझपन, नपुंसकता, जननांग की जटिल स्थितियों के इलाज में कई सफल उदाहरण पेश किए हैं। डॉ. खरे दूरबीन विधि एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, लेजर यूरोलॉजी के माध्यम से लगातार प्रोस्टेट व पथरी का विवांता हॉस्पिटल में सफल उपचार कर रहे हैं।

**स्थापना के सफल 4 वर्षः टू डी इको टेस्ट में 50 फीसदी की मिलेगी छूट**

विवांता हॉस्पिटल स्थापना के चार वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार 6 फरवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान करने वाले दाताओं को सालभर ओपीडी फ्री एवं 30 प्रतिशत की छूट मिलेगी। वहीं आगामी एक सप्ताह तक टू डी इको टेस्ट कराने वाले मरीजों को 50 फीसदी की छूट दी जा रही है।

### क्रिटिकल केयर का नया मानक

- हाई-टेक एनआईसीयू, आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर और लाइफ सपोर्ट।
- अस्पताल के विस्तार में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी यहां का एडवांस आईसीयू है। 100 बेड की क्षमता के साथ अब अस्पताल में।
- बड़ी संख्या में वेंटिलेटर और मल्टी-पैरा मॉनिटर्स से लैस बेड उपलब्ध हैं।
- गंभीर ट्रॉमा, हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों के लिए विशेष क्रिटिकल केयर यूनिट।
- **24 घंटे इन-हाउस डॉक्टर्सः** यहां विशेषज्ञ चिकित्सक ऑन-कॉल नहीं, बल्कि अस्पताल में ही मौजूद रहते हैं, जो इमरजेंसी में सेकंड्स की भी देरी नहीं होने देते।

### तकनीकः कैथ लैब और सिटी स्कैन

- विवांता ने जिले को वे सुविधाएं दीं जो पहले सिर्फ बड़े मेट्रो शहरों में ही संभव थीं।
- **पहली न्यूरो सर्जरीः** जिले के इतिहास में पहली बार ब्रेन सर्जरी कर नया कीर्तिमान स्थापित किया।
- **पहला पेसमेकरः** हृदय रोगियों के लिए स्थानीय स्तर पर पेसमेकर लगाने की सुविधा शुरू की तथा जिले का पहला सफल पेस मेकर लगाया।
- **एडवांस कैथ लैबः** हार्ट ब्लॉकेज और एंजियोप्लास्टी के लिए जिले का सबसे भरोसेमंद केंद्र बनकर उभरा है।
- हाई रिस्क प्रेगनेंसी कराकर खुशियों की सौगात दी।

### व्यापक सुविधाएं

विवांता में न्यूरोसर्जरी, हृदय रोग, ऑर्थोपेडिक, स्त्री रोग, बाल एवं शिशु रोग, कैंसर उपचार और डायलिसिस जैसे सेवाएं एक ही छत के नीचे है। **पहुंच और सामर्थ्यः** आयुष्मान कार्ड के तहत कैशलेस, सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।

### एकमात्र एनएबीएच मान्यता प्राप्त

गुणवत्ता के मामले में विवांता जिले का निर्विवाद लीडर है। यह जिले का अकेला अस्पताल है जिसे अस्पतालों के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन बोर्ड की मान्यता प्राप्त है। यह इस बात का प्रमाण है कि यहां का इलाज, साफ-सफाई और सुरक्षा मानक अंतरराष्ट्रीय स्तर के हैं।

इम्पैक्ट फीचर

## प्रमोद बंदेवार ने सांसद विवेक बंटी साहू को लिखा पत्र

# जुन्नारदेव की बिजली समस्या का होगा समाधानः पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



जुन्नारदेव नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले लंबे समय से जारी वोल्टेज की समस्या को लेकर सभापति अपील समिति सदस्य संजय जैन वार्ड नंबर 12 के पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी, पार्षद प्रमोद बंदेवार ने क्षेत्र की जनता और किसानों की पीड़ा को देखते हुए पार्षद बंदेवार ने छिंदवाड़ा-पांढुर्ना सांसद माननीय श्री विवेक बंटी साहू को पत्र लिखकर जुन्नारदेव के सुकरी सब-स्टेशन में 3.15 MBA का नया पावर ट्रांसफार्मर लगवाने की पुरजोर मांग की है।ओवरलोड से जूझ रहा सुकरी सब-स्टेशनपार्षद प्रमोद बंदेवार ने सांसद को अवगत कराया कि सुकरी सब-स्टेशन पर वर्तमान में लगा ट्रांसफार्मर पूरी तरह ओवरलोड हो चुका है। इसके कारण जुन्नारदेव शहर, खैरवानी ग्राम सहित आसपास की दर्जनों पंचायतों के ग्रामीणों और किसानों को भारी बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। बिजली की इस समस्या से न केवल घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि किसानों की फसलों की सिंचाई पर भी संकट खड़ा हो गया है।विकास में मील का पत्थर साबित होगा नया ट्रांसफार्मरअपने पत्र में प्रमोद बंदेवार ने सांसद विवेक बंटी साहू के जनहितैषी कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस तरह से सांसद जी के प्रयासों से जिले को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है, उसी तरह जुन्नारदेव को इस सौगात की सख्त जरूरत है। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि विद्युत वितरण कंपनी (पूर्वी क्षेत्र) के वर्क प्लान में शामिल इस 3.15 MBA के ट्रांसफार्मर को सांसद के हस्तक्षेप से जल्द लगवाया जाता है, तो यह जुन्नारदेव के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा।जनता की उम्मीदें सांसद पर टिकींपार्षद बंदेवार ने स्पष्ट किया कि यह मांग सीधे तौर पर आम जनता के हितों से जुड़ी है। उन्होंने कहा, ₹जुन्नारदेव की जनता को विश्वास है कि सांसद विवेक बंटी साहू जी इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेंगे और जल्द ही ग्रामीण वा नगरवासियों को बिजली संकट से मुक्ति दिलाएंगे।₹इस पत्र के बाद अब नगर में यह चर्चा तेज है कि सांसद के प्रयासों से जुन्नारदेव को जल्द ही नई ऊर्जा शक्ति मिलेगी। पार्षद की इस सक्रियता को जनता द्वारा भी खूब सराहा जा रहा है।

# देश व्यापी हड़ताल को सफल बनाएं, एक साथ बैठे श्रमिक नेता



**परासिया :-** श्रमिक कानूनों में संशोधन के विरोध में होने वाली देश व्यापी हड़ताल को सफल बनाने पेंच कोयला क्षेत्र के श्रमिक नेता एक साथ बैठे और स्ट्राइक को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई ।इंटक कार्यालय चांदामेटा में इंटक अध्यक्ष और विधायक सोहनलाल वाल्मीकि की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में श्रमिक संगठन एटक के रामकेरा यादव , सीटू के मीर हसन सहित मनोज तिवारी , अमरनाथ सिंह , मार्कण्डेय मिश्रा , एफाज खान , अलीम खान , कमल राठौर , मोहमद कय्यूम , असलम खान , आर डी पाण्डेय और वशीम खान मौजूद रहे । बैठक में भूमिगत कोयला खदानों में गेट मीटिंग , यूनिट मेम्बरों को जागरूक करने की रूपरेखा भी तैयार की गई ।

## भौगोलिक भ्रमण पर तामिया के सावरवानी अंतरराष्ट्रीय पर्यटक केंद्र पहुंचे महाविद्यालय के विद्यार्थी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव के भूगोल विभाग द्वारा भूगोल विषय में अध्यनरत विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम अनुसार भौगोलिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार 07 फरवरी 2026 को किया गया। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ संगीता वाशिंगटन द्वारा 30 विद्यार्थियों को भौगोलिक भ्रमण कराया गया, इस दौरान भूगोल विभाग के सहयोगी डॉ रितेश कहार उपस्थित रहे। भौगोलिक भ्रमण में विद्यार्थियों को जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र से लगभग 30 किलोमीटर दूर के ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण कराया गया जिसमें मुख्य रूप से बिजोरी छिंदी, चावलपानी, सावरवानी, देलाखारी, झिरपा, अनहोनी के ग्राम शामिल रहे। यह दल प्रातः 7:30 बजे जुन्नारदेव से रवाना हुआ था जो देर शाम तक ग्रामों का भ्रमण करते हुए भौगोलिक आंकड़ों का डाटा और भौगोलिक स्थिति के संबंध में जानकारी जुटाता रहा। मुख्य रूप से अध्ययन का केंद्र बिंदु ग्राम सावरवानी अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल जहां पर उबड़-खाबड़ धरातल, चारों ओर सतपुड़ा श्रेणियों से घिरा हुआ स्थान प्राकृतिक सौंदर्य की छटा बिखेरी हुए हैं।

# तेलंगाना में ज्योतिबा फुले की प्रतिमा की तोड़फोड़ के खिलाफ संगठन ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

शिक्षा जगत के राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा को गत 7 फरवरी को तेलंगाना में क्षति पहुंचाने की घटना को निंदनीय, कायरतापूर्ण तथा गंभीर आपराधिक कृत्य बताते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की महात्मा ज्योतिबा फुले माली समाज संगठन पांढुर्णा ने की है। संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने देश के गृहमंत्री अमित शाह के नाम आज डिप्टी कलेक्टर नेहा सोनी को ज्ञापन दिया। संगठन के अध्यक्ष मुकेश बारमासे ने बताया कि तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के तेल्लापुर गांव में सामाजिक एवं शैक्षणिक क्रांति के अग्रदूत की प्रतिमा पर हमले की घटना ने महात्मा ज्योतिबा फुले के करोड़ों अनुयायियों की भावनाओं को उद्वेलित कर दिया है। ज्ञात हो कि शिक्षा जगत के राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले ने वर्ष 1848 में देश का पहला बालिका विद्यालय स्थापित कर स्त्री शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने क्रांति ज्योति राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले को देश की पहली महिला शिक्षिका के रूप में तैयार किया। उन्होंने सती प्रथा, बाल विवाह तथा विधवाओं पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष किया। साथ ही छुआछूत और जाति प्रथा को सामाजिक पाप बताते हुए शूद्रों, महिलाओ, किसानों, मजदूरों तथा वंचित वर्गों को संगठित कर सामाजिक क्रांति बुनियाद रखी। सत्यशोधक समाज की स्थापना कर उन्होंने समतामूलक समाज की मजबूत नींव रखी।ऐसे महान माली समाज सुधारक की प्रतिमा पर हमला यानी समाज में वैमनस्य और अशांति फैलाने का प्रयास है।

## बिछुआ में निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर संपन्न



**बिछुआ।** सबका भला समाज सेवा समिति, बिछुआ के तत्वावधान में चतुर्थ निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य परीक्षण सह रक्तदान शिविर का आयोजन सोमवार, 9 फरवरी 2026 को दशहरा मैदान (कॉलोनी ग्राउंड) में किया गया। शिविर का समय दोपहर 11 बजे से शाम 5 बजे तक रहा, जिसमें क्षेत्र के नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।शिविर में आनंद हॉस्पिटल एवं समर्पण हॉस्पिटल छिंदवाड़ा के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, जनरल मेडिसिन, फिजियोथेरेपी एवं होम्योपैथी सहित विभिन्न रोगों की निःशुल्क जांच व परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही नेत्र परीक्षण, संपूर्ण रक्त जांच तथा आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया।आयोजकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में कुल 897 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण, 257 लोगों की रक्त जांच तथा 57 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान को प्रोत्साहित करने हेतु लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार 3100 प्रकाश मिनोटे, द्वितीय पुरस्कार 2100 रवींद्र शिवहरे तथा तृतीय पुरस्कार 1100 नीतू भारद्वाज को प्रदान किया गया।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विधान सभा प्रभारी निरंकुश नागरे, रामचरण वर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष रामचंद्र बोबडे एवं स्वास्थ्य विभाग अधिकारी डॉ. नीलेश सिद्धाम , डॉ धनेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। इसके अलावा आनंद हॉस्पिटल, मानवता स्वास्थ्य विभाग, समर्पण स्वास्थ्य विभाग एवं बिछुआ स्वास्थ्य विभाग की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम ने अपनी सेवाएं दीं।इस अवसर पर पुलिस विभाग के टी.आई. सतीश उइके सहित पुलिसकर्मियों ने भी रक्तदान कर समाज को प्रेरणादायक संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समिति के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों की सराहना की गई।आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## राष्ट्रीय मंच पर पांढुर्णा का गौरव, शिवम बुधराजा 'इंडियाज मोस्ट इम्पैक्टफुल स्कूल लीडर्स 2025' से सम्मानित

**पांढुर्णा।** राम शांति विद्या मंदिर के डायरेक्टर शिवम बुधराजा को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट नेतृत्व और नवाचार के लिए 7 फरवरी 2026 को नई दिल्ली के रेडिसन ब्लू होटल, द्वारका में आयोजित 'इंडियाज मोस्ट इम्पैक्टफुल स्कूल लीडर्स 2025' सम्मान से सम्मानित किया गया। यह राष्ट्रीय कार्यक्रम देशभर के चुनिंदा शिक्षाविदों को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। बुधराजा के दूरदर्शी नेतृत्व, मूल्य-आधारित शिक्षा और आधुनिक शिक्षण पद्धति की विशेष सराहना की गई।उनके नेतृत्व में विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दिया गया है। शिक्षा के अद्यतन तकनीकी प्लेटफॉर्म के माध्यम से विद्यार्थियों को कोडिंग और लॉजिकल थिंकिंग से जोड़ा जा रहा है। सम्मान मिलने पर बुधराजा ने इसे अपनी प्रेरणास्रोत सुनीता दीदी को समर्पित किया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावकों में खुशी का माहौल है।



## गेहूं उपार्जन प्रक्रिया को लेकर जिला सहकारी बैंक में बैठक आयोजित

**बालाघाट।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियों को लेकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट मुख्यालय में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में 07 फरवरी 2026 को आयोजित की गई, जिसमें किसान पंजीयन एवं उपार्जन प्रक्रिया के सुचारु संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिले में गेहूं उपार्जन हेतु कुल 23 पंजीयन केंद्रों का निर्धारण किया गया। इन केंद्रों पर किसानों के पंजीयन, खरीदी प्रक्रिया और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर उपार्जन प्रभारियों एवं डाटा ऑपरेटरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उपार्जन कार्य पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराया जाएगा, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## जिन पंचायतों में नहीं है पानी टैंकर उन्हें भी कराया जाएगा उपलब्ध-विवेक पटेल

# विधायक ने ग्राम पंचायतो को फायर फाइटर पानी टैंकर की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



विधायक विवेक विक्की पटेल ने वारासिवनी जनपद पंचायत क्षेत्र के 8 और खैरलांजी जनपद पंचायत क्षेत्र के 12 ग्राम पंचायतो को फायर फाइटर पानी टैंकर की सौगात दी है।विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा विधायक निधी से यह पानी का टैंकर प्रदाय किया गया है। ग्राम पंचायत को पानी का टैंकर मिलने से पंचायत के ग्रामीणों को सार्वजनिक कार्यो में सहायता मिल सकेगी।साथ ही अग्नि दुर्घटना सहित अन्य कार्यो में भी पानी उपलब्ध कराने में मदद मिल सकेगी।पिछले वर्ष इसके पूर्व भी विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा 10 से अधिक ग्राम पंचायतो को फायर फाइटर पानी टैंकर उपलब्ध कराया गया है।पानी के टैंकर सभी ग्राम पंचायतों को सरपंच की उपस्थिति के सुपुर्द कर दिया गया है।ग्राम पंचायत में शादी व अन्य कार्यक्रमों में पानी टैंकर की आवश्यकता थी।इसी के चलते विधायक निधि से पानी टैंकर को प्रदाय किया गया है।

ग्राम कोलीलीवाडा सरपंच पति सुनील राणा ने बताया कि पानी टैंकर की कई तरह की आवश्यकता होती है।यह बड़े काम की चीज होती है।पंचायत के पास इतना संसाधन नहीं रहता कि वह अपने ओर से पानी टैंकर तैयार कर सके या प्राप्त कर सके।इसी को ध्यान मे रखते हुए विधायक निधि से ग्राम पंचायत को पानी टैंकर उपलब्ध कराया गया है। ताकि पानी के टैंकर का उपयोग ग्रामीणों को उनके सार्वजनिक कार्यो में उपयोग हो सके।ग्राम में पानी आपूर्ति में यह टैंकर मददगार हो सकता है।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि हमारा प्रयास है कि विधानसभा क्षेत्र की अन्य ग्राम पंचायतों को भी पानी टैंकर प्रदाय किया जाये और इसके लिये शीघ्र ही व्यवस्था बनायी जा रही है। जिससे कि बाद में अन्य पंचायतों को भी उनकी आवश्यकता के अनुसार टेंकर उपलब्ध हो सकेगा।मै जब भी ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण पर जाता हु।तो कुछ ऐसी आवश्यकताओं को महसूस करता था।कुछ स्थानों पर उनके संज्ञान में जानकारी लाकर मांग की जाती है।अग्नि दुर्घटना, मांगलिक कार्यक्रमों जैसे शादी,हवन पूजन,कथा पूजन,गृहप्रवेश के अलावा सामाजिक कार्यक्रमों और मंडई मेले तथा तेरहवी कार्यक्रम सहित अन्य में पानी की उपलब्धता चुनौती रहती है।ग्राम पंचायत में इसकी उपलब्धता होने से निश्चित ही कुछ हद तक मदद मिल सकेगी। वहीं जिन पंचायतों से पानी टैंकर की मांग होगी।उन्हें भी बहुत जल्द पानी टैंकर उपलब्ध कराया जाएगा।जिससे ग्रामीणों क्षेत्रों में पानी की समस्या से ना झूझना पड़े।

# एसीसी सोनपुरी ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला

## आ अब लौट चलें गांव की ओर एक यादगार आयोजन



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में व्यस्त रहने वाले अपनी जन्मभूमि से दूर संघर्ष करते हुए अपने आप को थकाहारा सा महसूस करते हैं मगर जब वह साल में एक बार अपना काम कारोबार सब कुछ छोड़कर सिर्फ दो दिनों के लिए अपनी जन्मभूमि अपने अध्यनरत गांव में अपनो से मिलने आते हैं तो मानो ऐसा लगता है कि उनके शरीर में फिर से वो बचपन लड़कपन की ताजगी आ गई हो और उनका शरीर ऊर्जा से भर गया हो इन दो दिनों में सब कुछ भूल कर हंसते खेलते नाचते उम्र दराज 90 के दशक के खिलाड़ी भी अपने आप को यंग और नौजवान सा महसूस करते हैं । पिछले आठ वर्षों से उकवा मैदान की पावन धरा पर स्व राजू चौकसे की स्मृति मे दो दिवसीय सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शांतिपूर्ण एवं बड़े ही धूमधाम से आयोजित कराया जाता है ।

सद्भावना टूर्नामेंट का आयोजन इस वर्ष विलेजर्स क्रिकेट क्लब पोंड़ी द्वारा सुसज्जित तरीके से कराया गया जिसमे पूरे टूर्नामेंट का लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था डॉक्टर बी गौतम फार्मा कंपनी के ओनर के द्वारा की गई आने वाले साल में भी ऐसी ही व्यवस्था इन्हीं के द्वारा की जाएगी और आयोजक समिति होगी ग्रीन स्टार।

मुख्य अतिथि के रूप मे लांजी क्षेत्र के लाडले विधायक श्री राजकुमार कर्राहे अपर कलेक्टर श्री आदित्य नारायण तिवारी बैहर,एसडीएम परसवाड़ा श्री सुशील व्यासी श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष श्री इंद्रजीत भोज एवं डॉक्टर श्री बी गौतम की गरिमामयी उपस्थिति में आ अब लौट चले गांव की ओर,मेरा गांव मेरा तीर्थ की तर्ज पर खेला गया सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला ।

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला एसीसी सोनपुरी एवं डॉक्टर इलेवन उकवा के मध्य खेला गया जिसमे एसीसी सोनपुरी की टीम ने 8 ओवरों में चार विकेट खोकर 104 रन बनाकर उकवा की टीम को 105 रनो का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए डॉक्टर इलेवन उकवा की टीम 6 विकेट खोकर आठ ओवर में 84 रन ही बना सकी और परास्त हो गई।

# किरनापुर के बेसिक शाला ग्राउंड में विशाल हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां किरनाई मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई जो जो गुजरी होते हुए कार्यक्रम स्थल किरनापुर के बेसिक शाला ग्राउंड पहुची । जहां हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। साध्वी सरस्वती ने सनातनियों को एक हाथ में माला और दूसरे में भाला उठाने का आह्वान किया। उन्होंने मतांतरण और लव जिहाद के खिलाफ चेतावनी दी, बच्चों को संस्कारवान बनाने और राष्ट्रीय भक्ति जगाने पर जोर दिया। साध्वी ने आरएसएस को सनातनियों का कवच बताया और स्वदेशी अपनाने, परिवार की रक्षा करने तथा एकजुट रहने का संदेश दिया।

साध्वी ने हिन्दू सम्मेलन में किया संबोधित, मतांतरण और यूजीसी के बारे में की चर्चा,- इसमें मुख्य अतिथि सनातन धर्म प्रचारक छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश की साध्वी सरस्वती और मुख्य वक्ता स्वाति बंसोड़ जिला कार्यवाहक व अशोक बघेलजी विभाग कार्यवाहक ने संबोधित किया। साध्वी सरस्वती ने कहा कि भारत भूमि और सनातनियों का आरएसएस कवच है। इसके होते हुए कोई व अधर्मी आंख उठाकर नहीं देख सकता।राष्ट्र भक्ति की कोई उम्र नहीं होती। मतांतरण के लिए विधर्मी आते हैं और प्रलोभन देते हैं। लोभ और लालच में आकर अपना धर्म बिल्कुल न बदलें। किसी की जूठन को स्वीकार न करें।

सनातनी अपने बच्चों को संस्कारवान बनाएं। हिन्दुओं को जगाने का कार्य हो रहा है। जागो, उठो और परिवार की रक्षा करो। परिवार पर विशेष ध्यान दें। बच्चे कहां जा रहे हैं, क्या कर रहे हैं। यह जरूर देखें।

देश तभी आगे बढ़ेगा, जब बच्चों में राष्ट्र भक्ति जागृत होगी। अपने लिए और अपनों के लिए जीना शुरू करें। एक सूत्र में सभी बंधे। मां भारती के सभी पुत्र हैं। यही हमारी जाति है। हिन्दुओं को एक छत के नीचे रहकर आगे बढ़ना चाहिए। बच्चों को भोजन मंत्र के साथ हनुमान चालीसा जरूर याद कराएं। स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं।

महिलाएं घर में अच्छा वातावरण बनाएं। बच्चों को सामाजिक कार्यों में लगाएं। बेटियों को लव जिहादियों से बचाने के लिए तलवार बाजी जरूरी है। भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए सभी को आगे आना चाहिए। प्रत्येक घर से एक आरएसएस कार्यकर्ता बनने के लिए भी उन्होंने आह्वान किया। मुख्य वक्ता स्वाति बंसोड़ ने सामाजिक समरसता, रिश्ता, परिवार, पर्यावरण आदि को लेकर विस्तार से संबोधित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर के द्वारा स्वास्थ्य शिविर, डॉ. सुनीता जैन प्राचार्य महाविद्यालय किरनापुर के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, डॉ. जे पी सुनेरी द्वारा रैली का स्वागत शिल्पहार से किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र अग्रवाल अग्रसेन रेडीमेड व वैष्णव समाज के अध्यक्ष, कमलेश कन्नौजे ,सह संयोजक ने की। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रवीण साहू , सूरज बिसेन ,मुकेश ठाकरे हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री, लेखराम खरे जिला धर्मचारी, राजेश राहंगडाले उपखंड कार्यवाहक,एस एस राहंगडाले खंड व्यवस्था प्रमुख,सूरज कटरे, बेनी प्रसाद अग्रवाल ,पराग मोदी, पंकज अग्रवाल, एवं अन्य सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## कांद्रीखुर्द के बीटीपी स्कूल की बदहाली पर सवाल, प्रशासनिक निगरानी की उठी मांग

# निजी स्कूलों की मनमानी, बच्चों की सुरक्षा से खुला खिलवाड़



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जिले में शासकीय स्कूलों के कायाकल्प को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा द्वारा लगभग 300 शासकीय विद्यालयों की जिम्मेदारी उठाया जाना एक सराहनीय पहल मानी जा रही है, लेकिन वहीं तहसील क्षेत्रों में संचालित निजी स्कूलों की बदहाल व्यवस्थाएं बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। शिक्षा, परिवहन और सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर संचालित हो रहे ऐसे निजी स्कूलों पर भी प्रशासनिक नजर जरूरी है, ताकि शासकीय के साथ.साथ निजी विद्यालयों में पढने वाले बच्चों का भी भला हो सके। जनपद किरनापुर अंतर्गत ग्राम कांद्रीखुर्द में संचालित बीटीपी प्राइवेट स्कूल की व्यवस्थाएं बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। तहसील क्षेत्रों में संचालित बीटीपी स्कूल जैसे निजी विद्यालयों की बदहाल स्थिति प्रशासनिक निगरानी की कमी को उजागर कर रही है। ऐसे निजी स्कूलों की आधारभूत सुविधाओं और बच्चों की सुरक्षा पर भी प्रशासन की सख्त नजर जरूरी मानी जा रही है।

**30 वर्षों से संचालन, फिर भी बदहाल ढांचा:**विधानसभा क्षेत्र लांजी-किरनापुर के जनपद किरनापुर अंतर्गत ग्राम कांद्रीखुर्द में संचालित बीटीपी स्कूल की स्थिति काफी चिंताजनक है। स्कूल संचालक एस.आर. बिसेन के अनुसार वे लगभग 30 वर्षों से स्कूल का संचालन कर रहे हैं। कोरोना काल के पूर्व यहां हाईस्कूल कक्षाएं भी संचालित होती थीं। वर्तमान में कक्षा 1 से 5 तक के लगभग 130 बच्चे अध्ययनरत हैं। स्कूल परिसर में मुख्य गेट को छोड़कर अन्य कक्षों में दरवाजों का अभाव है। फर्श की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है। परिसर के भीतर चारों ओर रेत, धूल और गंदगी फैली हुई है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पडऩे की आशंका बनी हुई है। विद्यालय में बच्चों के लिये साफ एवं स्वच्छ शौचालय की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। यह स्थिति शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित बुनियादी मानकों का सीधा उल्लंघन है। स्कूल संचालक का घर विद्यालय परिसर से जुड़ा हुआ है। शौचालय न होने के कारण छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को संचालक के घर का बाथरूम इस्तेमाल करना पड़ता है, जो सुरक्षा और गोपनीयता दोनों ही दृष्टि से गंभीर विषय है।

**मैजिक वाहन में ठूंस-ठूंस कर ढोए जा रहे बच्चे:**बच्चों के परिवहन के लिये एक छोटे मैजिक वाहन का उपयोग किया जा रहा हैए जिसमें क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जाता है। परिवहन नियमों की खुलेआम अनदेखी करते हुए बच्चों को मवेशियों की तरह ले जाया जा रहा हैए जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्कूली बच्चों के साथ परिवहन के दौरान लगातार दुर्घटनाओं की खबरें सामने आ रही हैं, फि र भी पुलिस प्रशासन और परिवहन विभाग निजी स्कूल संचालकों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर रहे। ऐसे में जरूरत है कि जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा शासकीय स्कूलों के साथ-साथ तहसील क्षेत्रों में संचालित निजी स्कूलों की व्यवस्थाओं और बच्चों की सुरक्षा पर भी विशेष निगरानी रखी जाए।

## खबर संक्षेप

### श्री मद्भागवत कथा का दिव्य एवं भव्य धार्मिक आयोजन

सिवनी। बम्होडी ग्राम (लखनादौन) में धर्म, भक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना का पावन संगम होने जा रहा है। मुख्य प्रवचनकर्ता पूज्य नारायण प्रापंचार्य जी (बम्होडी, लखनादौन) के ओजस्वी प्रवचनों द्वारा तथा पूज्य स्वामी प्रहलाद दास जी के पावन सानिध्य में श्री मद्भागवत कथा का भव्य एवं मंगलमय आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इस पावन अवसर पर केदारनाथ धाम से पधारे श्री चंदन नेगी जी की विशेष उपस्थिति एवं सहभागिता से कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ गयी है। इस पुण्य धार्मिक अनुष्ठान के यजमान श्री गोविंद यादव हैं, जिनके साथ समस्त ग्रामवासी बम्होडी (लखनादौन) के सहयोग से यह आयोजन भक्तिरस से परिपूर्ण वातावरण में संपन्न होगा। श्री मद्भागवत कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की अलौकिक लीलाओं, भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य का अनमोल संदेश जन-जन तक पहुँचेगा और श्रद्धालु पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

### श्री मां योगमाया कात्यायनी मंदिर बंडोल मे पाटोत्सव रथ यात्रा एवं पंचमुखी हनुमान जी,भगवान श्री शनिदेव की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आज

बंडोल/- सिवनी जिले मुख्यालय से 16 किलोमीटर दूर ग्राम बंडोल में स्थित श्री मां योगमाया कात्यायनी देवी का मंदिर है, यह मंदिर की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा 10 फरवरी सन् 1995 में की गई थी , इस उपलक्ष पर प्रतिवर्ष 10 फरवरी को विशाल पाटोत्सव कार्यक्रम व माता रानी की भव्य शोभयात्रा निकाली जायेगी जो ग्राम के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस मंदिर में समापन होगा शाम 6:00 बजे से मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारा एवं देवी जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है एवं 11 फरवरी को पंचमुखी हनुमान जी श्री शनिदेव जी की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम रखा गया है इसमें आप समस्त धर्म प्रेमी सज्जन सम्मिलित हो अपने जीवन को धन्य बनाएं।

### भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं आश्रितों की वार्षिक बैठक आज

सिवनी, 09 फरवरी 26/ जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास द्वारा बताया गया कि कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सिवनी श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में मंगलवार 10 फरवरी 2026 को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में शाम 4.00 बजे जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सिवनी द्वारा भूतपूर्व सैनिकों की वार्षिक बैठक का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास ने बताया कि बैठक में शामिल होने वाले सभी भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों से अनुरोध है कि वे शाम 3.00 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर स्थित सभा कक्ष में उपस्थित होकर अपने सुझाव एवं समस्याएं लिखित रूप में नोट कराएं।

# रूखड रेंज अंतर्गत करंट से गौर का अवैध शिकार करने वाले 03 आरोपी पर प्रकरण



### रूखड रेंज अंतर्गत करंट से गौर का अवैध शिकार करने वाले 03 आरोपी पर प्रकरण दर्ज

सिवनी, 09 फरवरी 26/ उप संचालक पेंच टाइगर रिजर्व द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि रूखड रेंज अंतर्गत मोहगांव ग्राम क्षेत्र में वन अमले ने अवैध शिकार के एक गंभीर मामले का खुलासा करते हुए आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गश्ती के दौरान रात में क्षेत्र तलाशी लेते समय निजी स्वामित्व की भूमि पर सागौन (टीक) के वृक्ष पाए गए, जहां किसी प्रकार की अन्य फसल नहीं थी। इसी भूमि पर आरोपियों द्वारा 11 केवी विद्युत लाइन से अवैध रूप से तार जोड़कर वन्यप्राणियों के शिकार हेतु करंट प्रवाहित किया गया था।

उन्होंने घटनास्थल के समीप एक नर गौर जिसकी आयु लगभग 13झ्र14 वर्ष मृत अवस्था में पाया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल विद्युत आपूर्ति बंद कराने के लिए विद्युत विभाग से संपर्क किया गया, किंतु विद्युत आपूर्ति तुरंत बंद न हो पाने के कारण मौके की स्थिति को ध्यान में रखते हुए वन अमले ने सावधानीपूर्वक वह विद्युत तार निकाल दिया, जिससे आगे किसी प्रकार की जनहानि अथवा वन्यजीव हानि को रोका जा सका।

उन्होंने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए वन अमले द्वारा टीम गठित कर क्षेत्र की घेराबंदी की गई। कुछ समय पश्चात आरोपी किनारे लगी जाली के छेद से अंदर आते दिखाई दिए, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। आरोपियों ने मौके पर ही अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उनके कब्जे से एक प्लास्टिक की बोरी भी जब्त की गई, जिसका उपयोग खूंटी एवं तार लाने में किया गया था। मौके से अवैध विद्युत तार, कनेक्शन सामग्री जब्त की गई तथा डॉग स्क्वायड की सहायता से आरोपियों के घर से भी अन्य संदिग्ध वस्तुएं बरामद की गईं, जो अपराध की पुष्टि करती हैं। मृत गौर का नियमानुसार पोस्टमार्टम कर भस्मीकरण की कार्यवाही की गई। संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है।



# कलेक्टर श्रीमती पटले की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न

सिवनी, 09 फरवरी 26/ सोमवार 09 फरवरी को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सी एल चनाप, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सर्वप्रथम फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षणझ्र2026 अंतर्गत विधानसभावार मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन करने संबंधी प्राप्त दावे एवं आपत्तियां की जानकारी प्राप्त कर फॉर्म-6, फॉर्म-6अ, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 के निराकरण स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों सहित सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों के विभागवार विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने नगर पालिका, नगर निगम एवं सीईओ जनपदों से संबंधित समय सीमा में दर्ज प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित विभागों के अधिकारियों प्रकरणों पर फीडबैक प्राप्त कर शेष लंबित प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी सीएमओ को आवारा श्वानों के नगरीय क्षेत्र से शेल्टर होम हेतु जगह का चयन कर प्राप्त दिशानुरूप आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, इसी तरह उन्होंने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा प्रतिष्ठानों के बाहर एवं सड़को पर गंदगी करने एवं कचरा फेंकने पर नियमानुसार जुमार्ना कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, महिला बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत जर्जर पुराने भवनों का चिन्हांकन कर डिस्मेंटल करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# बरेला में विराट हिंदू सम्मेलन में उमड़ा आस्था का सैलाब, सामाजिक समरसता का लिया संकल्प



### महिलाओं के द्वारा निकाली गई विशाल कलश यात्रा

सिवनी। राष्ट्रीय स्वम सेवक संघ घंसौर खंड के बरेला मंडल में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही। सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर मंगल कलश रखकर भव्य कलश यात्रा के साथ गूंजा समर्थ हिंदू - समृद्ध हिंदू का उद्घोष ।ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच निकली यह यात्रा पूरी गरिमा और भव्यता के साथ आगे बढ़ती रही जिससे नगर धर्ममय वातावरण में डूबा रहा। यात्रा खेरमाई मंदिर से प्रारंभ हुई शिव मंदिर सहित प्रमुख मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल पर संपन्न हुई जहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। सम्मेलन की शुरूआत कन्या पूजन एवम गौ पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने हिन्दू समाज की एकता, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता पर अपने विचार रखे। उन्होंने अपने आशीर्वचन के साथ युवाओं से संस्कार, शिक्षा और सेवा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उपस्थित जनसमूह ने पूरे कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सम्मेलन में स्थानीय छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू समाज में एकता, संस्कृति और राष्ट्रभाव को सुदृढ़ करना रहा। सम्मेलन के मुख्य वक्ता महाकोशल प्रांत के गौ रक्षा प्रमुख माननीय घनश्याम ने अपने संबोधन में समस्त हिंदू समाज से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना से ही राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है। मुख्य वक्ता ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संघ की ऐतिहासिक यात्रा, उसके विचार और समाज निर्माण में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि संघ ने बीते एक शताब्दी में राष्ट्रसेवा, सामाजिक उत्थान और चरित्र निर्माण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

कार्यक्रम में माननीय जिला संघ चालक रामकृष्ण डेहरिया पूर्व राज्यमंत्री देवसिंह सैयाम पूर्व डी एस पी अर्जुन उइके पूर्व जिला प्रचारक सुरेश डेहरिया प्रमुख वक्ता श्री मति नीति पटेल ,प्रमोद पटेल अनिल नेमा कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी जितेन्द्र नेमा ,सुरेंद्र शर्मा मुकेश सेन नीलेश नेमा नरेन्द्र लखेरा सरपंच झुनिया बाई उपसरपंच सुनीता बाई जनपद सकुन आयाम कामता तिवारी परसोतम गुमास्ता रमाकांत चोकसे बाबूलाल नेमा सोमनाथ दुबे अखिलेश नेमा दिनेश पटेल प्रीत यादव महेश साहू कमलेश यादव शेफाली बर्मन रागिनी लखेरा कीर्ति डेहरिया प्रियंका जवारिया सहित अनेक विशिष्ठ अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति रही। यह विशाल हिंदू सम्मेलन सामाजिक समरसता ,सांस्कृतिक जागरण और राष्ट्रीय एकता का सजीव प्रतीक बनकर उभरा और निश्चित ही बरेला मंडल के इतिहास में एक स्मरणीय एवम स्वर्णिम अध्याय के रूप में सदेव स्मृत रहेगा

# वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन पर उपखण्ड स्तरीय सदस्यों का क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण

सिवनी, 09 फरवरी 2026/ सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार वन अधिकार अधिनियम 2006 की धारा 3(1)(र) के अंतर्गत सामुदायिक वन संसाधन के संरक्षण एवं प्रबंधन से संबंधित प्रावधानों पर आधारित उंस्त्रूंर*८ इ४्र'रिल्लॅ/ळ१्रल्ल्रल्लॅ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शासकीय कन्या शिक्षा परिसर, सिवनी में दिनांक 10 फरवरी 2026 से 11 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य सामुदायिक वन अधिकारों, विशेषकर सामुदायिक वन संसाधन के संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकारों की प्रभावी समझ एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 10 फरवरी 2026 को उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति के शासकीय सदस्यों—अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभागीय अधिकारी (वन), विकासखण्ड अधिकारी, जनजातीय कार्य विभाग (सदस्य सचिव) तथा जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। वहीं द्वितीय दिवस 11 फरवरी 2026 को उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति के अशासकीय सदस्यों, जनपद पंचायत सदस्यों एवं मास्टर ट्रेनर्स को राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, सामुदायिक सहभागिता एवं वन संसाधनों के सतत प्रबंधन को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है।

# राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक संपन्न,विजय डेहरिया बने नगर मंत्री

सिवनी : रविवार 8 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषदझ्रराष्ट्रीय बजरंग दल की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक कृष्णा लॉन, सिवनी में उत्साह और जोश के साथ सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार, राष्ट्रहित और सनातन संस्कृति के संरक्षण को लेकर व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर नगर व ब्लॉक स्तर पर नए हनुमान चालीसा केंद्र प्रारंभ करने का संकल्प लिया गया, जिससे युवाओं को संस्कारों से जोड़ते हुए संगठन को और मजबूत किया जा सके।बैठक में उज्जैन में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर भी रणनीति तय की गई तथा संगठन के आगामी कार्यों और विस्तार योजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों युवाओं और कार्यकतार्ओं ने राष्ट्रीय बजरंग दल की सदस्यता ग्रहण कर संगठन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।इसी क्रम में संगठन को सशक्त बनाने हेतु नगर एवं ब्लॉक पदाधिकारियों की घोषणा की गई। राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष, महाकौशल प्रांत स्वराज सिंह बघेल ने विजय डेहरिया को नगर मंत्री तथा अर्जुन विश्वकर्मा को नगर सहमंत्री नियुक्त किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का कार्यकतार्ओं ने तालियों और नारों के साथ स्वागत किया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत, जिला एवं नगर स्तर के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक ने संगठन में नई ऊर्जा और दिशा प्रदान की।

### जुआरियों पर कोतवाली पुलिस की कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता जुआ-सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है । कोतवाली पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा रेड़ कार्रवाई की जाती रही हैं, इसी क्रम में एएसपी दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा जुआरियों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सूफी नगर गांधी वार्ड अशोक कबाडा के पास खुले स्थान में जुआ खेल रहे 05 जुआरियों को घेराबंदी कर रेड़ कार्रवाई करते हुए धर दबोचा।उल्लेखनीय है कि दिनांक 06/02/2026 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई है कि सूफी नगर गांधी वार्ड अशोक कबाडा के पास खुले स्थान में कुछ लोग रुपये पैसों का दांव लगाकर हार जीत का खेल रहे जो तत्काल टीम गठित कर घेराबंदी कर दबिश देकर जुआ फड से कुल 05 जुआरियों को पकड़ने में सफलता हासिल हुई जुआरियों के पास से कुल नकदी 3250 रुपये एवं 52 तांस के पत्ते मिलने पर विधिवत जप्त कर जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द किया गया। जुआरी मे फैजान खान पिता रियाज खान उम्र 30 वर्ष निवासी गांधी वार्ड सूफी नगर शहीद वार्ड सिवनी। 1. 2. इस्माइल खान पिता गुलाम मोहम्मद उम्र 35 वर्ष निवासी सूफी नगर शहीद वार्ड सिवनी। 3. रियाज खान पिता रहमान खान उम्र 27 वर्ष निवासी सूफी नगर शहीद वार्ड सिवनी। 4. अतीक खान पिता लतीफ खान उम्म्र 29 वर्ष निवासी घसियारी मोहल्ला सिवनी। 5. अतीक खान पिता रफीक खान उम्र 45 वर्ष निवासी सूफी नगर शहीद वार्ड सिवनी। जप्ती मे 3250 रुपये नकदी एवं 52 तांस के पत्ते।उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि दयाराम शरणागत, सउनि जसवंत ठाकुर, सउनि जयदीप सेंगर, प्रदीप चौधरी, सुधीर डहेरिया, विनय सेंगर, सतीश इनवाती, प्रतीक बघेल की सराहनीय भूमिका रही।

### जिला उत्कृष्ट-मॉडल एवं श्रमोदय आवासीय विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

सिवनी, 09 फरवरी 26/ जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि शासन के निदेर्शानुसार जिला उत्कृष्ट/मॉडल एवं श्रमोदय आवासीय विद्यालयों की प्रवेश चयन परीक्षा का आयोजन दिनांक 08 फरवरी 2026 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक जिले के कुल 09 परीक्षा केन्द्रों में किया गया। जिला उत्कृष्ट/मॉडल विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा हेतु कुल 2125 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1897 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 228 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा के दौरान नकल का कोई भी प्रकरण दर्ज नहीं हुआ, वहीं श्रमोदय आवासीय विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा हेतु कुल 34 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 31 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 03 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा में भी नकल प्रकरण निरंक पाया गया। उन्होंने बताया कि परीक्षा की सतत निगरानी एवं निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस. कुमरे, सहायक संचालक आर.पी. पाटिल, ए.पी.सी. एस.के. राय एवं जनशिक्षक राजेश राय द्वारा शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उर्दू सिवनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से संचालित पाई गई।

# सिवनी बायज सिवनी ने वेटरन तो कृष्णम आइकन ने ओपन वर्ग का पार्षद गोल्ड कप जीता

### पार्षद गोल्ड कप डे- नाईट क्रिकेट टूनार्मेंट को दर्शकों ने दिल से सराहा और धन्यवाद दिया आयोजकों को

सिवनी- नगर के हृदय स्थल में स्थापित मिशन स्कूल ग्राउंड जहां चहुंओर चकाचौंध दूधिया रोशनी की चमक के बीच आयोजित पार्षद गोल्ड कप डे-नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य समापन नगर की वेटरन वर्ग और ओपन वर्ग की टीमों के मध्य खिताबी भिड़ंत अतिथियों और हजारों दर्शकों की उपस्थिति में खेला गया। विगत 24 जनवरी 2026 से पार्षद गोल्ड कप डे-नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन मिशन स्कूल ग्राउंड में जिले की 22 वेटरन वर्ग की टीमों एंव 8 ओपन वर्ग की टीमों का समावेश करते हुए अलग-अलग मैचों की श्रृंखला खेली गई जहां नगर व जिले के खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए चौंके और छक्कों पर अतिथियों और दर्शकों की खूब तालियां बटोरी एंव ईनामी राशियों सम्मानित होते रहे। 8 फरवरी 2026 को पार्षद गोल्ड कप डे-नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य समापन सिवनी विधानसभा के विधायक दिनेश राय मुनमुन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की गरिमामय उपस्थिति में सानंद संपन्न हुआ इस पार्षद गोल्ड कप के लिए पहली भिड़ंत वेटरन वर्ग में जैस 11 और सिवनी बायज सिवनी के मध्य हुई इस मैच में टास जीतकर सिवनी बायज ने पहले बल्लेबाजी के लिए जैस 11 को आमंत्रित किया इस महामुकाबले में बल्लेबाजी करते हुए जैस 11 ने अपने निर्धारित 10 ओवरों के मैच में आल आउट होकर 78 रनों पर सिमटकर रह गई। जैस 11 की ओर से खेलते हुए एक मात्र खिलाड़ी बलधर यादव ने 24 गेंदों पर 48 रन बनाए जिसमें 4 छक्के और 5 चौंके शामिल रहे जिन्हें इमरान लाला ने शानू के हाथों कैच आउट कराया सिवनी बायज सिवनी की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए इमरान ढिल्लन ने अपने



2 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट, इमरान लाला ने 2 ओवर में 9 रन देकर 3 विकेट लिए वहीं आरिफ खान ने 2 ओवर में मात्र 4 देकर 2 विकेट झटके। फाइनल के इस मुकाबले में जवाबी पारी में उतरी सिवनी बायज ने 1 विकेट गंवाकर ही 6.5 ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर यह खिताब 9 विकेट से जीत लिया बल्लेबाजी करते हुए कप्तान आसिफ पटेल ने 18 गेंदों पर 42 रन 6 छक्कों की मदद से बनाकर नाबाद रहे जबकि 8 गेंदों पर 18 रन की पारी शाहिद भोपाली ने खेली।

वहीं दूसरी खिताबी भिड़ंत ओपन वर्ग के महामुकाबले में कृष्णम आइकन और सर्वोदय 11 स्टार के मध्य खेला गया इस रोमांचक फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए सर्वोदय 11 स्टार ने निर्धारित 10 ओवरों के इस मैच में 9 विकेट खोकर 109 रनों का लक्ष्य विरोधी टीम के समक्ष रखा सर्वोदय 11 स्टार की ओर बल्लेबाजी करते हुए विजेन्द्र राठौर ने 13, राहुल ने 17 गेंदों पर 47 रन तो सूरज सम्राट ने 9 गेंदों पर 14 रनों की पारी खेलकर टीम का स्कोर सम्मानजनक बनाया कृष्णम आइकन के गेंदबाजों में राजू विश्वकर्मा ने अपने 2 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए तो अंकित अग्रवाल ने 2 विकेट लिए जबकि प्रिंस, जानू और आलोक ने 1-1 विकेट लिए। 109 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कृष्णम आइकन के बल्लेबाजों ने धुआंधार ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 7 ओवर में ही 1 विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल करते हुए 9 विकेट से पार्षद गोल्ड कप अपने नाम कर लिया कृष्णम आइकन के खिलाड़ी शुभम पटेल ने 24 गेंदों का सामना करते हुए 8 छक्कों और 6 चौंकों की मदद से 74 रनों की आतिशी नाबाद पारी खेली वहीं आलोक कुमार ने 18 और जानू 16 बनाकर नाबाद रहे। जद्दोजहद भरे इस महामुकाबले का दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया जहां मैदान में ही आयोजन समिति की ओर से दर्शकों के लिए भोजन व्यवस्था भी आयोजित की गई थी। पार्षद गोल्ड कप डे-नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट के इन मैचों में वेटरन वर्ग का मैन ऑफ सीरीज का खिताब मनीष चौरसिया उर्फ मन्नी वहीं ओपन वर्ग के मैचों में आलोक कुमार को सम्मानित करते हुए मोमेंटो सहित साइकिल प्रदान की गई। इसी बीच अपने उद्बोधन में विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मिशन स्कूल ग्राउंड में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आसपास गैलरी 'बैठक' व्यवस्था और रोशनी बढ़ाने के लिए शीघ्र ही कार्य को किए जाने का आश्वासन दिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पांडे और जय अंबे सिक्योरिटी सर्विस के संचालक अरूण यादव और पूरी समिति की ओर से उपस्थित अतिथियों में विधायक दिनेश राय मुनमुन, भारतीय जनता पार्टी की अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, नवनीत सिंह ठाकुर, शुभम राजपूत, अखलेश पांडे, एड्वोकेट राज गोस्वामी, वीरेंद्र शर्मा, अजय अवस्थी, श्री शर्मा जी, पत्रकारों में पृथ्वी जगने, सतीश शर्मा, शरद दुबे, हिमांशु कौशल, शमीम खान, शरद छांगवानी, अजय ठाकुर, मो. हसीब, अखिलेश दुबे, संजय अग्रवाल, राकेश नागफासे, गोपाल चौरसिया, अयोध्या विश्वकर्मा, सतीश मिश्रा, वाहिद खान, संतोष नामदेव, मुकेश सेन, राकेश मालवी, महेंद्र मर्सकोले, अनिल दामड़े सहित आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी नन्दन श्रीवात्री को आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। 24 जनवरी से 08 फरवरी 2026 तक मिशन स्कूल ग्राउंड में आयोजित पार्षद गोल्ड कप डे-नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट में सम्मिलित सभी क्लबों, टीमों, अतिथियों, खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों, दर्शकों, पत्रकार बंधुओं सहित सभी सहयोगियों का आयोजन समिति ने हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुरई जनपद पंचायत कुरई, जिला सिवनी म.प्र.**

क्रमांक/181/ग्राम पंचायत/2025 कुरई दिनांक 09/02/2026

**साप्ताहिक बाजार नीलामी सूचना**

ग्राम पंचायत कुरई अन्तर्गत साप्ताहिक बाजार नीलामी वर्ष 2026-2027 (01/04/2026 से 31/03/2027 तक) हेतु दिनांक 14/02/2025 दिन शनिवार को समय 10 :30 बजे से स्थान ग्राम पंचायत भवन कुरई में रखी गई है जिसमें सरकारी नीलामी राशि 818217.00 (आठ लाख अठारह हजार दो सौं सतरह रुपये मात्र) एवं अमानत राशि 50000.00 (पचास हजार रुपये मात्र) रखी गई है। अमानत राशि जमा करने का समय 10 :30 से 12 बजे तक किया जावेगा। नीलामी के संबन्ध में नियम व शर्ते ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा है।

सरपंच - तरुणा धर्मेंद्र परते
उपसरपंच - सागर सूर्यवंशी
सचिव - नितलेश डहरवाल
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कुरई

# नक्सल मुठभेड़ में अदम्य साहस दिखाने वाले 60 जवानों को मिली क्रम से पूर्व पदोन्नति






हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 09 फरवरी को पुलिस लाईन बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अदम्य साहस का परिचय देने वाले हॉक फोर्स के 60 जवानों को क्रम से पूर्व पदोन्नति प्रदान की।

14 जून 2025 को बालाघाट जिले के रूपझर थाना क्षेत्र अंतर्गत पचामादादर-कटेझिरिया पहाड़ी जंगल में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में हॉक फोर्स के जवानों ने अद्वितीय साहस और वीरता का प्रदर्शन किया था। इस मुठभेड़ में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के जीआरबी डिवीजन के मलाजखंड दलम के 04 एरिया कमेटी सदस्यों – रीता उर्फ तुब्बी, श्रीरांगु हिड़ामी उर्फ देवचंद, सुमन, ईमला उर्फ तुलसी एवं रवि मड़ावी उर्फ बदरे को मार गिराने में हॉक फोर्स के जवानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस साहसिक अभियान में शामिल जवानों को सम्मानित करते हुए उन्हें क्रम से पूर्व पदोन्नति प्रदान की गई है। पदोन्नति पाने वाले जवानों में विपिन चंद्र खलको, इंदर सिंह विदुरी, शुभम प्रताप सिंह तोमर, रत्नेश मीणा, नवदेश श्रीवास्तव, मुनेन्द्र सिंह, रूद्रीचंद जखमोला, अनिल सिंह भदौरिया, मत्ते सिंह मरावी, उज्वल घोरमारे, मनोज कुमार यादव, देवेन्द्र धुर्वे, रवेन्द्र कुशवाह, हरेन्द्र सिंह, प्रदीप गोसाई, विनोद कुमार मर्सकोले, उमेश कुमार पटेल, विकाश कुमार राजपूत, मुकेश सगर, विवेक परस्ते, राघवेन्द्र सिंह गुर्जर, आशीष रजक, शिवहरी मरावी, प्रवीण धुर्वे, टीकाराम ढकाल, प्रवीण कुमार, असित यादव, रामआशीष यादव, संदीप शर्मा, लोकपाल धाकड़, कृष्णा श्रेष्ठ, जितेन्द्र सिंह पटेल, वीर सिंह, शकरचंद सरयाम, सुनील परियार, चन्द्रकांत पांडेय, सत्यम द्विवेदी, सुनील यादव, देवराज कलमें, सुरेन्द्र सिंह मार्को, सुशील उईके, रामलाल भील, उमेश चन्द्र दुबे, संतोष कुमार मरावी, प्रदीप कुमार परते, राजा मालवीय, विशाल कुमार सिंह, दीपक पवार, कन्हैया मरकाम, सुनील सिंह कुशवाह, मुलायम सिंह, वरूण देव सिंह चाहर, मुनीष कुमार द्विवेदी, नीलेश, महेन्द्र सिंह, रवि कुमार यादव, छुट्टु यादव, सलेश कुमार द्विवेदी, संजू शर्मा एवं जिला पुलिस बल के नरेन्द्र सोनवे शामिल हैं।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक सर्व श्री राजकुमार कर्राहे, गौरव पारधी, विवेक पटेल, मधु भगत, पूर्व कैबिनेट मंत्री द्वय श्री गौरीशंकर बिसेन, श्री प्रदीप जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, पूर्व राज्य मंत्री श्री रामकिशोर कावरे, पूर्व विधायक श्री रमेश भटेरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नक्सल विरोधी अभियान के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के.पी.व्यंकटेश्वर राव, सीआरपीएफ की आई.जी.नीतू सिंह भट्टाचार्य, बालाघाट जोन के पुलिस महानिरीक्षक ललित शाक्यवार, जबलपुर संभाग के कमिश्नर धनंजय सिंह, बालाघाट जोन के पुलिस उपमहानिरीक्षक विनीत जैन, कलेक्टर मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी तथा सुरक्षा बलों के जवान उपस्थित रहे।

## अशासकीय विद्यालयों में महंगी पुस्तकों से अभिभावकों पर पड़ रहे आर्थिक भार को कम करने शासन की पहल

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा एस.सी.ई.आर.टी. एवं एन.सी.ई.आर.टी. के निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार कक्षा 1 से कक्षा 12 तक उच्च गुणवत्ता की पाठ्यपुस्तकें अत्यंत कम कीमत पर मुद्रित कर विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराई जाती हैं। शासन के निर्देशानुसार म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध सभी विद्यालयों में निर्धारित पाठ्यक्रम की इन्हीं पुस्तकों से पठन–पाठन कराया जाना अनिवार्य है। इसके बावजूद प्रदेश के कई अशासकीय विद्यालयों में शासकीय प्रकाशकों के स्थान पर निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें उपयोग में लाई जा रही हैं, जिनकी कीमत निगम की पुस्तकों की तुलना में 5 से 10 गुना तक अधिक होती है। इससे अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक भार पड़ रहा है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण पुस्तकें उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाहियां सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय ने बताया कि निर्देशों के अनुसार, म.प्र. पाठ्यपुस्तक निगम के डिपो प्रभारियों को अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिलों के अशासकीय विद्यालयों की सूची संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी कार्यालय से प्राप्त करने के लिए कहा गया है। इसके बाद विद्यालयों के प्राचार्यों को निगम प्रकाशनों की मूल्य सूची भेजकर यह सूचित किया जाएगा कि वे निगम के पंजीकृत पुस्तक विक्रेता अथवा सीधे निगम के डिपो से 20 प्रतिशत रिबेट पर एकमुश्त अपने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के लिए पुस्तकें क्रय कर सकते हैं।

### सड़क का होगा भूमिपूजन, वर्षों से लंबित मांग, आवासीय पट्टे पर होगी चर्चा

## आज बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे का गर्रा आगमन

### ग्राम प्रधान वैभव बिसेन की सराहनीय पहल, कब्जाधारी को मिले मालिकाना अधिकार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



वार्ड क्रमांक 11 गॉर्डन टोली कृष्ण कुमार बेलजी के घर से रामेश्वर हिरकने के घर तक सीसी कांक्रीट सड़क िनर्माण कार्य माननीय अनुभा मुंजारे विधायक बालाघाट द्वारा प्रदत जिला खनिज मद की राशि से स्वीकृत सड़क का भूमिपूजन आज होने जा रहा हैं। भूमिपूजन के दौरान बालाघाट विधानसभा की लोकप्रिय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे वार्डवासियों के बीच उपस्थित होकर आवासीय पट्टे को लेकर चर्चा करेंगी। तथा विधि विधान से लंबे समय से कब्जाधारी परिवारों को मालिकाना अधिकार मिल सके। इसके लिए पहल की जाएगी।

ग्राम प्रधान वैभव बिसेन के द्वारा लंबे समय से जब वे जनपद सदस्य थे उनके द्वारा ग्रामवासियों को भूमि का मालिकाना अधिकार मिल सके। इसके लिए प्रयासरत हैं। वहीं आज बालाघाट विधायक को जनता के बीच बुलाकर सड़क का भूमिपूजन तथा वार्डवासियों की लंबित मांग पर चर्चा की जाएगी। ग्राम गर्रा में सैंकड़ों परिवार लंबे समय से आवासीय पट्टे की मांग शासन प्रशासन से कर रहे हैं। जिसमें वार्ड क्रमांक 6 यादव मोहल्ला, क्रमांक 7 जवाई मोहल्ला, क्रमांक 10 चमन नगर (फिल्टर प्लांट रोड़), क्रमांक 11 गॉर्डन टोली, 12 नदी टेकरी, क्रमांक 19 शिवाजी नगर शामिल हैं।

### पूर्व केबिनेट मंत्री ने किया मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन का लोकार्पण

## तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ का हुआ समापन ,महाप्रसाद का हुआ वितरण



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी मुख्यालय में गायत्री परिवार ट्रस्ट के तत्वावधान में तीन दिवसीय 9 कुण्डिय गायत्री महायज्ञ का समापन 8 फरवरी रविवार को किया गया। इस अवसर पर श्रदालुओ के द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली गई तथा विधी विधान अनुरूप पूजा-पाठ व मूर्तियो की प्राण प्रतिष्ठा की गई एंव महायज्ञ हुआ तथा महा प्रसाद वितरण की गई। समापन के अवसर पर बड़ी तादाद में श्रदालुगंण मौजूद रहे ।महायज्ञ समापन के बाद में पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के द्वारा गायत्री मंदिर परीसर में 15 लाख रुपए की राशि से पूर्व में स्वीकृत होकर बने हुए सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया।इस अवसर पर प्रमुख आतिथ्य के रूप में पूर्व सांसद बोधसिंह भगत , फेकनलाल डोहरे पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष, श्रीमति सुनिता मानसिंह बहेटवार जिला पंचायत सदस्य, श्रीमति ज्योति नागपुरे सरपंच, गुनीराम बघेले जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि,मानसिंह बहेटवार महामंत्री, राजकुमार बहेटवार मंडल उपाध्यक्ष,बाबुलाल मस्करे गायत्री परिवार अध्यक्ष,बोधराज जैतवार,धनलाल नगपुरे महाजन, बुधराम बिसेन सहित अन्य श्रदालुगंण मौजूद रहे।

## संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** वारासिवनी तहसील के अंतर्गत आने ग्राम सूक्कूटोला में 8 फरवरी को संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती मनाई गई । इस अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया । इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख आतिथ्य के रूप में क्षेत्रीय के विधायक विवेक पटेल, कार्यक्रम अध्यक्ष रामचंद्र जैतवार स्थाई पटेल,लोमहर्ष बिसेन जिप सदस्य,जावेद अली,रेखा मुन्ना राणा सरपंच,निशा धार्मिक इनवाते जप सदस्य प्रमुखता से मंच पर उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों का फूलमाला और पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस दौरान वक्तओ के द्वारा संत शिरोमणी रविदास जी के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। शाम पांच बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कवियो के द्वारा शानदार काव्य पाठ किया गया। कवि शैलेश शैल के शानदार मंच संचालन और संजय अश्क के संयोजन में प्रारंभ किया गया जो देर रात 8.30 तक चला। जहां सर्वप्रथम संत रविदास की वंदना गोविंदा गावठी के द्वारा दिलकश आवाज में प्रस्तुत की गई। उसके बाद बालाघाट से आये कवि किशोर सागर की पंक्तियां खूब रोचक रही । स्थानीय कवि पंकज कुमार की शायरी बहुत पसंद की गई। शानदार संचालन करते हुए कवि शैलेश शैल ने एक से एक मुक्तकों से मंच को सजाएं रखा जिससे श्रोता मंत्रमुग्ध हुए । कवि संजय अश्क ने अपने काव्य पाठ के माध्यम से श्रोताओ को आनंदित किया एंव सकारात्मक संदेश दिया। इस अवसर पर श्रोतागण व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों के लिए सेवा का संकल्प

## ग्राम गर्रा में आदर्श दानपात्र एवं जन सहयोग से राहत वितरण



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** ग्राम गर्रा, तहसील वारासिवनी, में आदर्श दानपात्र के तत्वावधान एवं जन सहयोग से झुग्गी-झोपड़ी में निवास कर झाड़ू बनाकर जीवन यापन करने वाले 7 जरूरतमंद परिवारों को चयनित कर राहत सामग्री का वितरण किया गया।इस सेवा कार्य के अंतर्गत चयनित परिवारों के बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों को कंबल वितरित किए गए, जिससे उन्हें ठंड के मौसम में आवश्यक सुरक्षा एवं राहत प्राप्त हो सके।कार्यक्रम के दौरान किशोरियों को निशुल्क सैनिटरी पैड्स भी वितरित किए गए तथा उन्हें स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं आत्मसम्मान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य किशोरियों को जागरूक बनाकर उन्हें स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन के प्रति प्रेरित करना रहा।इस सेवा अभियान का उद्देश्य पूर्णतः मानवीय रहा— कठिन समय में जरूरतमंद 7 परिवारों को राहत प्रदान करना, ठंड से सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा किशोरियों को स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, ताकि समाज में सहयोग, संवेदना और मानवता का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित हो सके। साथ ही यह भाव सशक्त किया गया कि ज़रूरत की घड़ी में कोई भी व्यक्ति अकेला नहीं है।इस मानवीय पहल को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने वाले सभी दानदाताओं — भक्त प्रह्लाद पटले, अमित सूर्यवंशी, अनुप गुप्ता, आशालता वैद्य, स्वर्णदलता भालाधरे, इंदिरा डोगरे, प्रियंका जैन , सहित समस्त जन सहयोगियों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आदर्श दानपात्र संस्था द्वारा हृदय से आभार व्यक्त किया गया।आदर्श दानपात्र ने भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा, सहयोग एवं जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

### जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण योजना का पंचायत को हुआ औपचारिक हस्तांतरण

**बालाघाट।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम बोलडोंगरी में "जल अर्पण दिवस" कार्यक्रम का भव्य आयोजन पंचायत भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम में पूर्ण हो चुकी पेयजल योजना को औपचारिक रूप से पंचायत एवं ग्रामीण समुदाय को सौंपना तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्री शिशुपाल परिहार, ग्राम सरपंच श्रीमती विनीता चकोले एवं पूर्व सरपंच श्री प्रेमचंद बोपचे रहे।

### मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के सैकड़ों आवेदक

## 200 आवेदन की मियाद पूरी होते ही मायूस होकर लौटे



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय बोझ को कम करने और दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को रोकने के लिए वर्ष 2006 में शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह/निकाह योजना वर्ष 2025 में हुए संशोधन के बाद गरीब कन्या अभिभावकों के लिए सिरदर्द बन चुकी है। सरकार ने इस योजना में बड़ा बदलाव करते हुए 200 जोड़ों को ही शामिल करने का लक्ष्य तय कर दिया गया है और वधू पक्ष के लिए गरीबी रेखा यानी बीपीएल का राशन कार्ड की अनिवार्यता की शर्त रख दी है। जिसका व्यापक असर देखने को मिल रहा है। लक्ष्य तय होने की वजह से सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है और जिन गरीबों के पास राशन कार्ड नहीं और वह वास्तविक तौर पर योजना के हकदार दिखाई देते है उन्हें भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसकी एक बानगी सोमवार को उस वक्त देखने को मिली जब जनपद पंचायत कटंगी में 200 आवेदन की मियाद पूरी होते ही करीब इतनी ही संख्या में अन्य आवेदक मायूस होकर वापस अपने घर की तरफ लौट गए जबकि उन्होंने भी आवेदन भरने से लेकर जमा करने की कागजी प्रक्रिया में एक माह से भी अधिक का समय व्यतीत कर दिया। बता दें कि 09 मार्च को जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत तिरोड़ी में सामूहिक विवाह होना है। जिसमें अपना विवाह का आवेदन करने के लिए करीब 5 से अधिक आवेदक सुबह 09 बजे ही कटंगी जनपद कार्यालय पहुंचकर कतार में लग गए थे। पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर शाम 04 बजे तक जैसे ही 200 आवेदन जमा करने की प्रक्रिया पूरी हुई शेष आवेदकों से आवेदन नहीं लिए गए और उन्हें वापस लौटा दिया गया। जिसके बाद लोगों में मायूसी और गुस्सा दोनों ही देखने को मिला।

जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेश बोरकर ने इस योजना में टारगेट के तय होने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह की तिथि का ऐलान होते ही वर-वधू के अभिभावकों ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने में काफी लंबा समय, अर्थ और श्रम लगाया ताकि इस योजना का लाभ ले सकें परंतु सरकार की शर्तों ने सैकड़ों गरीबों को हताश कर दिया। उन्होंने कहा आज एक ही गांव की दो बच्चियों ने आवेदन किया एक का आवेदन जमा हो गया जबकि दूसरी का आवेदन नहीं हो पाया। इससे दूसरी बच्ची और अभिभावकों में निराशा का भाव देखा गया। उन्होनें सरकार से विवाह योजना की शर्तो पर पुर्नविचार करने की मांग की है। महेश बोरकर ने कहा कि अगर अभिभावक तैयार होते है तो वह सरकार की इस नीति के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन करने भी तैयार है।

उपसरपंच/पंच महासंघ प्रदेश अध्यक्ष संतोष राहंगडाले ने भी सरकार की नीति की आलोचना करते हुए कहा कि गरीब अभिभावकों के साथ खिलवाड़ है। सरकार को योजना में टारगेट नहीं रखना था बल्कि प्रत्येक गरीब अभिभावक अपने बेटा या बेटी की शादी सामूहिक विवाह समारोह में करवा सकें ऐसी व्यवस्था बनानी थी। बता दें कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में किये गये संशोधन 15 मई 2025 से प्रभावी हो गए है। इस संशोधन के बाद बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी में पहला सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में जोड़े लाभ से वंचित रह गए और अब जब कटंगी जनपद पंचायत के तिरोड़ी में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हो रहा है तो 200 आवेदकों से ही आवेदन लिए गए है। सरकार की इस नीति पर सत्ताधारी दल के नेता जो अपने क्षेत्र में गरीबों की हितों की बात करते है वह खामोश है तो वहीं विपक्ष की कांग्रेस को भी सांप सूंघ गया है। जनता बेचारी केवल कागजी प्रक्रिया में उलझ रही है जैसे-तैसे जुगाड़ से ही सहीं आवेदन जमा हो जाए इसी फिराक में है और जब कोई जुगाड़ काम नहीं आ रहा है तो मायूस होकर घर वापस जा रही है।

ग्राम कोड़मी से आई ज्योति राउड़गड़े जिसके पिता मजदूरी करते है वह आज सामूहिक विवाह का आवेदन जमा करने के लिए सुबह से ही कतार में खड़ी थी लेकिन जैसे ही फार्म जमा करने का नंबर आया पता चला कि 200 आवेदन पूरे हो चुके है। यह सुनते ही उसके पैरे तले जमीन खिसक गई। वह भावुक होते हुए बताती है कि आर्थिक स्थिति कमजोर है सामूहिक विवाह से मदद मिलेगी इसलिए बीते 1 माह से लगातार कागजी प्रक्रिया पूरी करने में जुटी हुई थी। इसी प्रकार कटंगी की निवासी सुलोचना पन्द्रे भी अपने विवाह का आवेदन करने के लिए आई थी। किंतु इनका फार्म भी नहीं लिया गया। बताना जरूरी है नये संशोधन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के लिये चार तिथियां बसंत पंचमी, अक्षय तृतीया एवं तुलसी विवाह (देवउठनी ग्यारस), एक अन्य तिथि विभाग के अनुसार निर्धारित की जा सकती है। योजना के अन्तर्गत अब सामूहिक विवाह इन्हीं तिथियों में आयोजित होंगे, जिन्हें योजना के तहत लाभ प्रदान किया जायेगा।

### महापुरुषों के विचारी से ही मानव का कल्याण संभव डॉ. चरनदास ढ़ेंगरे

## त्यागमूर्ति माता रमाई जयंती समारोह हर्षोल्लास से सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट** ।भारतीय बौद्धों की सर्वोच्च धार्मिक सामाजिक संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया जिला शाखा बालाघाट के तत्वावधान में 7 फरवरी को त्यागमूर्ति माता रमाई आंबेडकर जी की जयंती समारोह का आयोजन स्थानीय कमला नेहरू महिला मंडल सभागृह,डॉ.आंबेडकर चौक बालाघाट में हर्षौल्लास से सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर माता रमाई,बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब एवं धम्म संस्था बुद्धिस्ट सोसायटी पर आधारित धम्मज्ञान प्रतियोगिता भी सम्पन्न हुई जिसमें लगभग 70 प्रतियोगियों यों ने भाग लिया,जिनमें प्रथम कु.नेहा खांडेकर साकडी(डोंगरमाली), द्वितीय कु.सुनीता मसूरकर कोसमी(बालाघाट)तृतीय कु.चहक रंगारे हट्टा ने स्थान प्राप्त किया जिन्हें क्रमशः 5000/,3000/,1000/ रुपए पुरस्कार राशि,स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता अशोक कुमार मेश्राम जिलाध्यक्ष द्वारा की गई थी, मुख्य अतिथि आयुनी.लता ताई तायडे राज्य संगठक एवं वरिष्ठ केंद्रीय शिक्षिका भुसावल महाराष्ट्र,प्रमुख अतिथि डॉ.चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष एवं केंद्रीय शिक्षक मप्र राज्य शाखा , धर्मेंद्र कुरील पूर्व प्रदेश सचिव, हेमलता ताई डोंगरे प्रदेश उपाध्यक्ष,रमेश लोखंडे पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष छिंदवाड़ा,आर के कठाने प्रदेश सचिव,राजकपूर कामडे प्रदेश कार्य.सचिव,महेश सहारे प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी गोवारी समाज बालाघाट, अशोक शेंडे, जिलाध्यक्ष छिंदवाड़ा,सचिन मेश्राम जिलाध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ,हाजी शोहेब खान संयोजक राष्ट्रीय दलित मुस्लिम एकता मंच,संस्था के जिला पदाधिकारी पूरनलाल मेश्राम जिला संगठक लांजी,प्रमिला ताईं चौहान कोषाध्यक्ष,खुशियाल मेश्राम,देवानंद रंगारे एवं शैलेश सुखदेवे उपाध्यक्ष,के के भालाधारे लांजी एवं आर डी देशभ्रतार बैहर सचिव,तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार भीमटे लांजी,आर डी बांसद बसोड वारासिवनी,कैलाश भोरजार खैरलांजी,योगराज ऊके बालाघाट, गौतम भीमटे उपाध्यक्ष किरनापुर, के एल धाकड़े महामंत्री बैहर,चैनलाल मेश्राम महासचिव बिरसा,नलिनी वाहने प्रेरणा बुद्ध विहार,मंजू बोरकर अभिलाषा म.मंडल,शशि एम के बौद्ध तहसील अध्यक्ष एवं धर्मशिला मेश्राम नगर अध्यक्ष प्रज्ञा महिला मंडल लांजी,कार्यक्रम का सफल संचालन अभिराज मेश्राम महामंत्री वारासिवनी एवं दुरेन्द्र सावनकर तहसील अध्यक्ष किरनापुर किया गया,प्रातः 11.30 बजे धम्म ज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न होने के पश्चात एक रैली के माध्यम डॉ आंबेडकर चौक पहुंचकर बोधिसत्व बाबासाहेब की प्रतिमा पर सामूहिक माल्यार्पण कर कार्यक्रम स्थल में सभी प्रतियोगीयो को भोजनदान कराया गया।